गंज सब्जी मंडी कॉम्पलेक्स में कैटेगिरी के अनुसार बनेंगे अलग-अलग जोन

नवभारत न्यूज

बैतूल, 21 जुलाई. शहर के गंज क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी में बन रहे बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स में अलग-अलग तरह की सामग्री की दुकानें होंगी। यहां बर्तन, कपड़ा, खाद्य सामग्री और अन्य वस्तुओं के अनुसार ही दुकानों का आवंटन किया जायेगा।

वस्तुओं के अनुसार आवंटित होगी दुकानें

ग्राहकों और व्यापारियों को मिलेगी सुविधा

फिलहाल फोकस इस बात पर किया जा रहा है कि जल्द से जल्द दुकानों का निर्माण पूर्ण कराया जाये। गौरतलब रहे कि गंज में बहुमंजिला काम्प्लेक्स का निर्माण करीब 11 साल पहले शुरू हुआ था। लेकिन ड्राईंग-डिजाइन बदलने से इस काम में देरी हुई। काम्प्लेक्स की बार-बार ड्राइंग डिजाइन बदलने से पुराने ठेकेदार ने बीच में ही काम छोड़ दिया था। जिसके बाद नगरपालिका ने पुन: टैंडर कर कॉम्प्लेक्स को पूरा करने की शुरूआत की। बीते साल ही 17 करोड़ रुपये के इस कॉम्पलेक्स के निर्माण का कार्य भोपाल की अनुष्का कंस्ट्रक्शन नामक फर्म ने हासिल किया है। फर्म द्वारा फिलहाल यह कार्य किया जा रहा है। यहां पर 6 ब्लॉकों में कुल 322 दुकानों का निर्माण किया जा रहा है।

लंबे समय से दुकानों का इंतजार : नगरपालिका ने करीब तीन साल पहले 65 दुकानदारों ने काम्प्लेक्स में दुकान पाने नगरपालिका में रुपए जमा किए थे। लॉटरी से दुकानों का आवंटन भी कर दिया था। लेकिन आज तक

दुकानों का हैंडओवर नहीं हो सका है। दुकानदारों को उम्मीद थी कि डेढ़-दो साल में यह कॉम्पलेक्स बनकर तैयार हो जाएगा और उन्हें पक्की और व्यवस्थित दुकाने मिल सकेगी। व्यवस्थित मार्केट बनने से उनका कारोबार भी अच्छा चलेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कॉम्प्लेक्स निर्माण में साल दर साल देरी होती गई। बार-बार ड्राईग-डिजाइन बदलने से कॉम्प्लेक्स निर्माण में तो देरी हुई ही, साथ ही लागत भी बढकर 17 करोड़ के आसपास पहुंच गई। हालांकि अब नगर पालिका के अधिकारी जिस तरह से कॉम्पलेक्स निर्माण को लेकर तेजी दिखा रहे है, उससे लग रहा है कि जल्द ही इसका कार्य पूरा होकर दुकानदारों को दुकानें मिल सकेंगी।

टीन शेड और तारपोलिन में लग रही दुकानें : जब से गंज मंडी कॉम्पलेक्स का निर्माण शुरू हुआ है तभी से गंज का बाजार बुरी तरह से अव्यवस्थित हो गया है।

सबसे बड़ी बात यह है कि अब लंबा समय बीत जाने के बाद व्यापारियों के भी सब्र का बांध फूट रहा है।

व्यापारियों का कहना है कि व्यापारियों की सुविधाओं को पूरी तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है, इसलिए व्यापारी जनप्रतिनिधियों से भी कई बार मिलकर मंडी कॉम्पलेक्स निर्माण पूरा करने की गुहार लगा चुके हैं।

> अभी तक एक-एक ब्लॉक का काम किया जा रहा था, लेकिन जल्द ही पूरी साइट क्लियर कर एक साथ पूरा काम तेजी से किया जाएगा। दुकानों का आवंटन भी फिर से कर वस्तुओं की कैटेगिरी के अनुसार अलग-अलग जोन यहां बनाए जाएंगे।
> **- नवनीत पांडे,** सीएमओ, नगरपालिका परिषद, बैतूल

जोन के अनुसार होगा दुकानों का आवंटन

गंज मंडी कॉम्प्लेक्स में उन दुकानदारों को दुकानें पहले आवंटित की जायेगी, जो सब्जी मंडी में पहले से दुकान लगाकर कारोबार कर रहे थे। इन्हें लागत मूल्य पर दुकानें देना है और शेष दुकानों की नीलामी की जाना है। पहले दुकानों का आवंटन भी हो चुका है। हालांकि विधायक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की मंशा है कि महानगरों की तरह इस कॉम्प्लेक्स में भी सामग्री की कैटेगिरी के अनुसार अलग-अलग जोन बनाए जाएं। इसलिए यहां पर अलग-अलग सामान की दुकानों को अलग-अलग दुकान आवंटित कर हर सामग्री का अलग जोन बनाया जाएगा। इसके लिए नए सिरे से दुकानों का आवंटन किया जाएगा।

एक ब्लाक की दुकानों का निर्माण पूर्ण

गंज मंडी कॉम्प्लेक्स में अभी एक ब्लाक की 44 दुकानों का काम लगभग पूरा हो गया है। अभी तक एक-एक ब्लॉक का काम पूरा करने के बाद अगले ब्लॉक का काम शुरू किया जा रहा था। हालांकि इससे काम बेहद धीमी रफ्तार से चल रहा था। इससे यह कॉम्पलेक्स बनने में लंबा समय लग सकता था। यही कारण है कि अब नगरपालिका की प्लानिंग यह है कि यहां की पूरी साइड पहले क्लियर की जाए और एक साथ ही पूरा काम करके जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराया जाएं। ताकि दुकानदारों को दुकानों का आवंटन किया जा सके। यहीं वजह है कि नगरपालिका ने कॉम्पलेक्स के निर्माण को पूरा कराने के लिए निर्माण में तेजी लाना शुरू कर दिया है।

एक नजर में

पिछले 24 घंटे में औसतन 3.1 मिमी वर्षा दर्ज

बैतूल। जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन 3.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक, भू-अभिलेख ने बताया कि 20 जुलाई प्रात: 8 बजे से 21 जुलाई प्रात: 8 बजे तक जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर वर्षा रिकॉर्ड की गई। उन्होंने बताया कि बैतूल में 2.0 मिमी, घोड़ाडोंगरी में 0.0 मिमी, चिचोली में 0.0 मिमी, शाहपुर में 3.0 मिमी, मुलताई में 13.4 मिमी, प्रभात पट्टन में 9.0 मिमी, आमला में 3.0 मिमी, भैंसदेही में 0.0 मिमी, आठनेर में 0.0 मिमी तथा भीमपुर में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में वर्षा ऋतु 2026-27 में अब तक औसतन 310.7 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। वहीं गत वर्ष 2025-26 में अब तक 367.1 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी। उल्लेखनीय है कि जिले की सामान्य औसत वर्षा 1083.9 मिमी है तथा गत वर्ष की सामान्य औसत वर्षा 1097.4 मिमी रही थी।

एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह 25 को

बैतूल। युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वाधान में देवशयनी आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह का आयोजन 25 जुलाई, शनिवार को शाम 6 बजे तुलसी भवन, विनोबा वार्ड, बैतूल में किया जाएगा। पंडित पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया कि देवशयनी एकादशी का मुख्य महत्व भगवान विष्णु की पूजा, उपवास और चातुर्मास की शुरुआत से जुड़ा है। इसी दिन से भगवान विष्णु चार महीने के लिए क्षीर सागर में योग निद्रा में चले जाते हैं। पद्म पुराण के अनुसार इस दिन व्रत रखने से सभी पाप नष्ट होते हैं, मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार निष्काम भाव से इस व्रत का अनुष्ठान करने से साधक को सभी सुख और अंत में मोक्ष प्राप्त होता है। चातुर्मास के इन चार महीनों में अच्छे कर्म, सात्विक भोजन और संयमित जीवन जीने का संकल्प लिया जाता है। शास्त्रों में इसका फल कई गुना अधिक माना गया है। पं. तिवारी ने बताया कि देवशयनी के दिन से ही चातुर्मास का पवित्र काल शुरू होता है। इसलिए शाम को भगवान को शयन के लिए आमंत्रित करते हुए सुप्ते त्वयि जगन्नाथ जगत सुप्तं भवेदिदम मंत्र का उच्चारण किया जाएगा।इस प्रकार शास्त्रांगत विधि से श्री हरि भगवान विष्णु की पूजा अर्चना की जाएगी।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में बैतूल लगातार तीसरी बार प्रदेश में प्रथम

बैतूल। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की जून-2026 माह की प्रदेश स्तरीय नगरीय निकायों की ग्रेडिंग में बैतूल जिले ने लगातार तीसरी बार प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर नया कीर्तिमान बनाया है। जिले ने 98.27 अंक प्राप्त करते हुए पूरे प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि नागरिकों की शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निराकरण के प्रति जिला प्रशासन की प्रभावी कार्यप्रणाली, जवाबदेही और सुशासन का प्रमाण मानी जा रही है। जून-2026 की ग्रेडिंग में बैतूल जिले के सभी नगरीय निकायों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन

किया। नगर परिषद चिचोली, नगर पालिका परिषद बैतूल और नगर परिषद भैंसदेही ने 100 प्रतिशत स्कोर हासिल किया। नगर पालिका परिषद आमला ने 99.52 प्रतिशत, नगर पालिका परिषद सारनी ने 96.92 प्रतिशत, नगर पालिका परिषद मुलताई ने 95.38 प्रतिशत, नगर परिषद बैतूल बाजार ने 95.00 प्रतिशत, नगर परिषद आठनेर ने 94.55 प्रतिशत, नगर परिषद घोड़ाडोंगरी ने 90.00 प्रतिशत तथा नगर परिषद शाहपुर ने 87.14 प्रतिशत स्कोर प्राप्त किया। जिले में सबसे उल्लेखनीय प्रदर्शन नगर पालिका परिषद बैतूल का रहा, जहां मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की सर्वाधिक 230 शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करते हुए 100 प्रतिशत स्कोर प्राप्त किया गया। इसे प्रभावी शिकायत प्रबंधन और बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था का उदाहरण माना जा रहा है। जिला शहरी विकास अभिकरण (डूडा), बैतूल के परियोजना अधिकारी नवनीत पांडे ने बताया कि नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी नगरीय निकायों और संबंधित अधिकारियों ने टीम भावना के साथ कार्य किया।

निर्माण की जांच कर दोषियों पर हो कार्रवाई

मुलताई। नगर में निर्माणाधीन सीएम राईस स्कूल के निर्माण में तकनीकी रूप से हो रही खामियों की जांच कराकर दोषी अधिकारियो एवं निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जनआंदोलन मंच के अनिल सोनी ने मुख्य सचिव अनुराग जैन एवं कलेक्टर को सम्बोधित शिकायत मंगलवार की जनसुनवाई में सौपी है।अनिल सोनी द्वारा की गई शिकायत में बताया करोडो रूपये की लागत से मुलताई में सीएम राइज स्कूल का निर्माण जारी है,इस भवन का ड्राइंग एवं डिजाईनिंग कार्य इप्को विभाग द्वारा नियुक्त आर्किटेक्ट द्वारा किया गया है,ब्राईको स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आफिस में बैठे बैठे गुड फार कंस्ट्रक्शन के रूप में अनुमोदित किया गया है जो कि बडा ही फर्जी किया गया है। निर्माण कार्य का क्रियान्वयन विभाग व संविदाकार द्वारा किया जा रहा है जिस में इन्होने इसमें कोई जवाबदारी नही निभाई गई। निरीक्षण के दौरान सड़क पर ढलान का गलत बनाया गया है जिसके कारण वर्षा जल का निकास बाधित होकर जल भराव हो रहा है। भवन में कारीडोर के कुछ स्थानो पर प्रकाश व्यवस्था अप्राप्त होने से दिन में भी अंधकार जैसी स्थिति हो रही है। जल भराव के कारण सड़क की गुणवत्ता उपयोगिता प्रभावित हो रही है जिससे करोड़ो रूपयो का भ्रष्टाचार हो रहा है।उक्त बिन्दूओ में ड्राइंग एवं डिजाईनिंग की जिम्मेदारी इपको विभाग एवं नियुक्त आरके ट्रेक,ड्राइंग अनुमोदन की जिम्मेदारी स्कूल शिक्षा विभाग निर्माण कार्य की जिम्मेदारी क्रियान्वयन विभाग पी आईयू एवं सविंदाकार गुणवता नियत्रण एवं निगरानी पीआईयू एवं सभी निरिक्षण दल के अधिकारी शामिल है। शिकायत में घटिया निर्माण के जिम्मेदार विभाग प्रमुख, पर कार्रवाई करने की मांग की है।

50 और 100 रुपए के स्टाम्प पेपर खत्म, विक्रेता परेशान

बैतूल। जिला कोषालय बैतूल में पिछले करीब डेढ़ महीने से 50 और 100 रुपए के स्टाम्प पेपर उपलब्ध नहीं होने से आम लोगों के साथ स्टाम्प विक्रेताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में समस्त स्टाम्प विक्रेताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द व्यवस्था कराने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि बैतूल कोषालय ने 1 जून 2026 को स्टाम्प पेपर समाप्त होने की सूचना भोपाल कोषालय को भेज दी थी। वहीं जिला पंजीयक बैतूल ने भी 4 जून 2026 को पंजीयन महानिरीक्षक भोपाल को पत्र भेजा, लेकिन अब तक स्टाम्प पेपर उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। इसके कारण स्टाम्प विक्रेताओं को स्टाम्प नहीं मिल रहे हैं और आम लोगों के जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। स्टांप विक्रेता श्री अवस्थी ने बताया कि कंप्यूटराइज्ड स्टाम्प बनाने वाले सर्विस प्रोवाइडर भी सर्वर डाउन होने का हवाला देकर स्टाम्प जारी नहीं कर पा रहे हैं। एक स्टाम्प तैयार करने में 30 से 40 मिनट लगते हैं, जबकि सर्वर की समस्या होने पर एक से दो घंटे तक का समय लग जाता है। ऐसे में एक सर्विस प्रोवाइडर पूरे दिन में मुश्किल से 10 स्टाम्प ही बना पाता है। स्टाम्प विक्रेताओं का कहना है कि स्टाम्प पेपर नहीं मिलने के कारण उनका रोजगार प्रभावित हो गया है।

भौंरा बस स्टैंड पर गूंजा नशामुक्ति का संदेश

भौंरा। समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0 के तहत मंगलवार को भौंरा पुलिस ने बस स्टैंड परिसर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान यात्रियों, व्यापारियों, वाहन चालकों एवं आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। पुलिस हेड कांस्टेबल केएल नागले ने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि परिवार और सामाजिक व्यवस्था को भी प्रभावित करता है। लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से

दूर रहें और अपने परिवार, विशेषकर युवाओं को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। अभियान के दौरान नागरिकों को यह भी समझाया गया कि यदि क्षेत्र में कहीं अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री, तस्करी या सेवन की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जा सके। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। भौंरा पुलिस के अनुसार नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0 के तहत क्षेत्र में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर 10 अगस्त को लगेंगे

बैतूल। युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल बैरागढ़ भोपाल के तत्वाधान में 10 अगस्त दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आठनेर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसदही एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमपुर में विशाल मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर के आयोजन किए जाएंगे। आयोजन समिति के प्रहलाद साहू एवं गोपाल साहू ने बताया शिविर में मोतियाबिंद के ऑपरेशन एवं कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण टांका रहित एवं फेको पद्धति द्वारा किए जाएंगे। सभी मरीजों को शिविर स्थल से उसी दिन बस के माध्यम से चिरायु मेडिकल कॉलेज बैरागढ़ भोपाल ले जाया जाएगा एवं वहां पर सभी मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को आवास, जांच, ऑपरेशन, दवाइयां की व्यवस्था एवं आत्मीयता पूर्वक सेवा की जाएगी। ऑपरेशन के बाद मरीज को पुन: शिविर स्थल पर लाया जाएगा जहां से सभी मरीज अपने घर को जा सकेंगे। श्री साहू ने आठनेर , भैंसदेही एवं भीमपुर के 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धि जनों से इस शिविर का लाभ लेने का आग्रह किया है।

निजी विद्यालयों की मनमानी से पालकों में आक्रोश

पाथाखेड़ा। सारनी से लेकर घोड़ाडोंगरी मार्ग के आसपास संचालित कुछ निजी विद्यालयों पर मनमाने ढंग से शुल्क वसूलने, बार-बार पाठ्यपुस्तकें एवं स्कूल ड्रेस बदलने तथा शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों की अनदेखी करने के आरोपों ने अभिभावकों में नाराजगी बढ़ा दी है।

आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यमवर्गीय परिवारों का कहना है कि बढ़ती फीस और अतिरिक्त खर्चों ने बच्चों की शिक्षा का बोझ काफी बढ़ा दिया है। अभिभावकों का आरोप है कि शासन द्वारा निर्धारित शुल्क संबंधी नियमों के बावजूद कई विद्यालय निर्धारित सीमा से अधिक फीस जमा कराने का दबाव बना कर ज्यादा पैसे वसूल कर रहे हैं। साथ ही प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में नई पुस्तकें, अलग प्रकाशकों की सामग्री तथा नई यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे हजारों रुपये का अतिरिक्त आर्थिक भार परिवारों पर पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि निजी विद्यालयों की नियमित एवं प्रभावी जांच नहीं होने के कारण कुछ विद्यालय मनमाने तरीके से संचालन कर रहे हैं। कई अभिभावकों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ स्कूलों में प्रशिक्षित शिक्षकों (बी.एड., डी.एड.) की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है तथा शिक्षकों को नियमानुसार वेतन एवं अन्य सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। शिक्षा विशेषज्ञों के अनुसार शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई एक्ट) तथा मध्यप्रदेश में निजी विद्यालयों से संबंधित प्रचलित नियमों के तहत विद्यालयों को निर्धारित मानकों और शुल्क संबंधी प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य है। यदि किसी संस्था द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो सक्षम प्राधिकारी जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर सकता है।

सकारात्मक बदलाव के लिए अर्जित ज्ञान का करें उपयोग

बैतूल। आठनेर में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत समाज कार्य के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों का सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों से अर्जित ज्ञान को समाज सेवा से जोड़ते हुए अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में सभी फायनल ईयर के विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गईं। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर की विकासखंड समन्वयक मधु चौहान

ने जन अभियान परिषद द्वारा पाठ्यक्रम को चलाने के उद्देश्य एवं पूरे सत्र की गतिविधियों का प्रतिवेदन उपस्थित लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए परिषद के नर्मदापुरम संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी ने कहा कि सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा,संवेदना और विकास की रोशनी पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने अध्ययन से अर्जित ज्ञान एवं कौशल का उपयोग समाज के वंचित,जरूरतमंद और कमजोर वर्गों के उत्थान,जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा सामाजिक जागरूकता के लिए करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आठनेर थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि एक सच्चे समाजसेवी की पहचान उसके समर्पण, नैतिकता, जनसेवा और सकारात्मक नेतृत्व से होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने कार्यक्षेत्र में नैतिक मूल्यों, एवं जनहित की भावना के साथ कार्य करें, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके।

जनसुनवाई जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरण- कलेक्टर डॉ. सोनवणे

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरण : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

बैतूल, 21 जुलाई. कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रात: 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं।

जनसुनवाई में मौजूद रहे विभागों के अधिकारी

आवेदनों की जांच व कार्रवाही के दिये निर्देश

जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस

दौरान उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में रामनगर निवासी अशोक नागले ने अतिक्रमण हटाने को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने बैतूल नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि संबंधित अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई में दोबारा न आना पड़े। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट सहित अन्य अधिकारियों ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में महावीर वार्ड टिकारी निवासी श्रीमती सजिता धोटे द्वारा कब्जा दिलाने के आवेदन पर कलेक्टर ने बैतूल तहसीलदार को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश। बैतूल निवासी प्रमिला द्वारा सीमांकन के आवेदन पर कलेक्टर ने राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। आठनेर निवासी सुभाष चंद्र द्वारा अतिक्रमण कर्ताओं पर कार्यवाही किए जाने के आवेदन पर तहसीलदार आठनेर और नगर परिषद सीएमओ आठनेर को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत दनोरा जीन के ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से शुगर मिल द्वारा अपशिष्ट पदार्थ एवं हानिकारक जल ग्राम के नाले में छोड़े जाने से पंचायती नल जल के कुएं दूषित होने की शिकायत पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को जांच कर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

काली पट्टी बांध कर काम कर रहे पटवारी

बैतूल। मप्र पटवारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर शासन द्वारा वर्षों से लंबित 5 सूत्रीय मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो 3 अगस्त 2026 से पूरे प्रदेश के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इसी क्रम पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष मोहनलाल धुर्वे के नेतृत्व में जिले की सभी तहसीलों के तहसील अध्यक्षों एवं पटवारी साथियों ने संबंधित तहसीलदारों के माध्यम से मुख्यमंत्री नाम ज्ञापन सौंपकर मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि पटवारी लंबे समय से अपनी न्यायोचित मांगों को शासन के समक्ष रखते आ रहे हैं, लेकिन अब तक उनका संतोषजनक समाधान नहीं हुआ है। इससे प्रदेशभर के पटवारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है और अब

आंदोलन को चरणबद्ध रूप से तेज किया जा रहा है। संघ द्वारा जारी आंदोलन कार्यक्रम के अनुसार 20 से 23 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर कार्य, 24 से 27 जुलाई तक समस्त शासकीय व्हाट्सएप समूहों से लेफ्ट होकर अन्य सामूहिक समूहों का बहिष्कार, 28 जुलाई से 2 अगस्त तक ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार तथा 3 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। संघ ने शासन से अपील की है कि पटवारियों की वर्षों से लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाए जिससे राजस्व प्रशासन और जनसेवा प्रभावी एवं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। संघ ने अपनी प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू तत्काल लागू करने, वर्ष 2018 के बाद लंबित नायब तहसीलदार विभागीय परीक्षा आयोजित करने, पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट की तर्ज पर विधिक संरक्षण प्रदान करने की मांग की है।